तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 19 जून 2024

12 मंडियों में पहुंच रहीं स्टोरेज सब्जियां, क्वालिटी सही नहीं, दाम ...

14 रिसाली टाइगर्स ने खुंडवा पेंथर्स को हराकर ...




## सभी कार्यालयों में शीघ्र पूरा करें रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का कार्य : चंद्रवाल

### कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभाग प्रमुखों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में शीघ्र रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाकर तत्काल इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए शेष रह गए कार्यालयों के संबंध में विभागवार जानकारी ली। बैठक में विभाग प्रमुखों के द्वारा जिले के अधिकांश शासकीय कार्यालयों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की जानकारी दी गई। चन्द्रवाल ने जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले में इस कार्य को अभियान के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा शासकीय कामकाज में कसावट लाने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों का प्रतिमाह बैठक आयोजित करने के लिए दिए गए निर्देश के आधार पर की गई कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इस संबंध में तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह जिले के 02–02 चयनित ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजन करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन ▶▶| शेष पेज 13 पर




#### गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम में होगा सामूहिक योगाभ्यास

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने बताया कि शुक्रवार 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम में सुबह 07 बजे सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के अलावा समाज के सभी वर्गों के लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने सभी विभाग प्रमुखों को जिले में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु ▶▶| शेष पेज 13 पर

### विरोध : कांग्रेस ने बलौदाबाजार की घटना के विरोध में किया प्रदर्शन

## बलौदाबाजार की घटना भाजपा की प्रदेश सरकार की नाकामी का नतीजा : कुंवरसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बलौदाबाजार जिले की घटना एवं घटना के बाद प्रशासन एवं पुलिस द्वारा अपेक्षा अनुरूप निर्णय नहीं लेकर निरीह एवं आम जनमानस को लगातार परेशान करने का आरोप लगाते हुए बालोद जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था लचर होने का आरोप लगाया।

- प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लचर होने का लगाया आरोप

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका अध्यक्ष दल्ली राजहरा शिबू नायर, बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा शामिल हुए।

गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि बलौदाबाजार की घटना इस सरकार की नाकामी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान छत्तीसगढ़ में जब भी पुलिस द्वारा आम जनता किसानों एवं आदिवासियों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया या गोलीकांड हुआ, तब-तब भाजपा की सरकार रही है। श्री निषाद ने कहा कि भाजपा हमेशा आम जनता का दमन करती रही है। धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, डोमेन्द्र भेड़िया, विकास चोपड़ा, रतिराम कोसमा, शिबू नायर, पुरुषोत्तम पटेल, मिथिलेश नीरोटी, जागृत सोनकर, प्रशांत बोकाडे, कृष्णा दुबे, शंकर पिपरे, यज्ञदेव पटेल, तामेश्वर साहू, संतु राम पटेल, चंद्रेश हिरवानी ने भी संबोधित किया।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से गोपाल प्रजापति, भोजराज साहू, संतूराम पटेल, गोपाल प्रजापति, काशीराम निषाद, ईश्वर राव, रवि जायसवाल, कमलेश श्रीवास्तव, देवेंद्र साहू, चमेली साहू, धनेश्वरी ठाकुर, शारदा सिन्हा, अमृता नेताम, निर्मला बंजारे, संतोषी ठाकुर, संजय साहू, केके राजू चंद्राकर, ओमप्रकाश गजेंद्र, चंद्रहास देवांगन, कोदूराम दिल्लीवार, रामजी भाई पटेल, शंभू साहू, महेंद्र अप्पू, विवेक मसीह, संतोष पांडे, राजेश चुरेंद्र, खुमान कोरेटी, अनिल सुथार, विक्की पांडे, फिरंता उईके, दाऊद खान, जीवराखन साहू, निर्देश पटेल, सतीश यादव, मुरलीधर भुवार्य, गिरधरलाल चंद्राकर, इंद्रमण देशमुख, भूपेश नायक, नरेंद्र ठाकुर, भेखराम ठाकुर, जितेंद्र निषाद, नारायण साहू, विनोद शर्मा बंटी, बागिस बंजारे एवं जोन अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अंचल साहू एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने किया।







#### समाज के साथ षड्यंत्र कर रही भाजपा सरकार : संगीता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि सतनाम समाज शांति का पुजारी है। गुरु घासीदास का अनुयाई होने के कारण हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हैं। लेकिन, आज भाजपा सरकार समाज के साथ षड्यंत्र करके छल कर रही है।

## सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा राजधानी रायपुर में धरना-प्रदर्शन किया गया। तीन सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में जिले के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- जिले के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में हुए शामिल

कर्मचारी महासंघ ने कहा कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में कार्यरत लगभग 13000 कर्मचारियों में शासन प्रशासन के प्रति असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने मांग की कि छ.ग. शासन द्वारा प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों को 5–5 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। धान परिवहन के बाद जो वजन में कमी उपार्जन केंद्र में आ रही है, उसकी सम्पूर्ण धान सूखत राशि की भरपाई शासन द्वारा की जाए, समिति के कमीशन से न काटा जाए। इसके साथ ही उन्होंने बारदाना की राशि भी नहीं काटने की मांग की है। शून्य शार्टेज प्रोत्साहन राशि भी न काटे इसके साथ ही अधिक समय तक केंद्र में धान रखने में समिति को जो प्रासंगिक एवं सुरक्षा व्यय अतिरिक्त खर्च हुआ है, उसकी राशि प्रदान की जाए। वहीं, धान सूखत के लिए समिति कर्मचारियों पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं करने की मांग की गई। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 धान खरीदी नीति में सूखत आदि का प्रावधान नहीं किया गया, तो संघ धान खरीदी का बहिष्कार करेगी। कर्मचारियों की मांग है कि सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान भत्ता में बढ़ोतरी किया जाए। सेवा नियम 2012 के अनुसार समिति में पदस्थ समिति प्रबन्धक को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक क्रेडर प्रबंधक का दर्जा दिया जाए तथा बैंक के खाली पदों पर नियमानुसार ▶▶| शेष पेज 13 पर

## विवादों में घिरी संस्था को ही शिक्षा में बदलाव की जिम्मेदारी दे रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



- विधायक संगीता ने लगाया आरोप, किया विरोध

नीट परीक्षा में बालोद परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को गलत प्रश्नपत्र के कारण 50 मिनट बर्बाद होने के मामले में विधायक संगीता ने भी राज्यपाल से मुलाकात के साथ ही एनटीए को पत्र लिखा था। कोर्ट की फटकार के बाद एनटीए द्वारा जिले के परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा देने का अवसर मिल रहा है।

वहीं, विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाते हुए विरोध किया है कि जिस संस्था पर नीट परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लग रहा है, उसे ही छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के शिक्षा में बदलाव के लिए जिम्मेदारी दे रही है। नीट परीक्षा के दौरान बालोद में हुई गड़बड़ी को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक मामले को उठाया था। संगीता सिन्हा ने राज्यपाल से मिलकर मामले की जानकारी देकर पुनः परीक्षा कराने या बोनस अंक देने की मांग की थी। अब एनटीए द्वारा पुनः परीक्षा लिए जाने की घोषणा के बाद जिले के परीक्षार्थियों में आशा की किरण जागी है।

इस बीच विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि इधर छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा में बदलाव की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार उसी संस्था को जवाबदारी देने की तैयारी कर रही है जिस पर नीट परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करने का आरोप राष्ट्रीय स्तर पर लगा है। विधायक संगीता सिन्हा ने इसका विरोध करते हुए कि इससे सरकार की नीयत ▶▶| शेष पेज 13 पर



## पाइप बिछाने के बाद सड़क बनाना भूल गया ठेकेदार, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

जल जीवन मिशन के तहत गांवों को स्वच्छ पानी देने का दावा किया जा रहा है, लेकिन पानी कब मिलेगा यह तय नहीं है। हालांकि आधी से ज्यादा ग्रामीण बसाहटों में नलों से पानी मिलना शुरू हो गया है।

- बारिश में और बढ़ जाएगी भोईनापार के ग्रामीणों की समस्या

लेकिन, गांवों में बनीं कांक्रीट की सड़कों को योजना के तहत खोद दिया गया है, पाइप बिछाने के बाद ठेकेदारों ने फिर से उसे दुरुस्त नहीं किया। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि बारिश की वजह से गांवों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। हर घर को पानी पहुंचाने के लिए गांव की हर गली में पाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया। जिन गाँवों में निर्माण एजेंसियों ने पाइप बिछा दी है, वहां सड़कों को दुरस्त नहीं किया गया है। इसके कारण थोड़ी सी भी बारिश होने पर गलियां कीचड़ से पट जाती हैं।

ऐसा ही ताजा उदाहरण बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोईनापार के वार्ड क्रमांक 2 में दिखने को मिल रहा है। ग्रामीण देवनारायण साहू व मनोज नेताम ने बताया कि ठेकेदार ने इस गली को सालभर पहले खोदा था, लेकिन आज तक समतलीकरण नहीं किया गया। इसके कारण वार्डवासी सहित इस गली में आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। थोड़ी सी भी बारिश होने पर इस गली में लोगों का आना-जाना बंद हो जाता है।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र खो जाने से नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

## दोनों पैर नहीं, हाथों से चलते हुए कलेक्टर तक पहुंचा दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रत्येक मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में जनदर्शन आयोजित होता है, जिसमें जिले भर के अलग-अलग क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याएं और अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें आवेदन सौंपने पहुंचते हैं। कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो काफी छोटी समस्या को लेकर कई तरह की मुश्किलों का सामना करते हैं और उन्हें कहीं कोई सहारा नहीं मिलता।

- कहीं समाधान नहीं होने पर कलेक्टोरेट पहुंचे कोड़ेवा निवासी गोविंदराम

उसके बाद वे उम्मीद लेकर कलेक्टर तक पहुंचते हैं, ताकि ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से लेकर अन्य संबंधित अधिकारियों तक के पास जिस समस्या का समाधान नहीं हो पाया, उसका निवारण कलेक्टर अवश्य करेंगे। 18 जून



मंगलवार को कलेक्टोरेट में कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला, जब दोनों पैरों से दिव्यांग एक दिव्यांग व्यक्ति तेज धूप व उमसभरी भीषण गर्मी में हाथ के सहारे चलते कलेक्टर तक पहुंचा। दिव्यांग व्यक्ति की समस्या यह थी कि उनका दिव्यांग प्रमाणपत्र कहीं खो गया है, जो मिल नहीं रहा है। उसके बिना उसे दिव्यांगता से जुड़ी किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में उन्होंने कलेक्टर को लिखित आवेदन पत्र सौंप कर नया दिव्यांग प्रमाणपत्र प्रदान करने की मांग की है। दिव्यांग गोविंद राम साहू जो कि ग्राम कोड़ेवा तहसील अर्जुंदा का रहने वाला है। जो अस्थि बाधित दिव्यांग की श्रेणी में आता है और दिव्यांगता प्रमाण पत्र पहले का बन चुका था, लेकिन दिव्यांग प्रमाण पत्र गुम जाने से शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। दिव्यांग ने कलेक्टर को जल्द से जल्द प्रमाणपत्र बनाने की मांग की है।

#### ग्राम व जनपद पंचायत में नहीं हुआ समाधान

सबसे बड़ा सवाल यह है इस तरह से दिव्यांगों की छोटी-छोटी समस्याओं को ग्राम पंचायतों से लेकर उस क्षेत्र के अधिकारियों व जिम्मेदार विभागों को अपने स्तर पर ही समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इन्हीं मूलभूत सुविधाओं के लिए ही तो संबंधित विभाग बनाया गया है, इसके साथ ही ग्राम पंचायत व जनपद कार्यालय बना हुआ है जहां ऐसे छोटी छोटी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। लेकिन, जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करते हुए कलेक्टर तक अपनी समस्या पहुंचाना पड़ रहा है। जिला प्रशासन को इस तरह की अव्यवस्थाओं को सुधारने की जरूरत है ताकि छोटी छोटी समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर हो सके और उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिल सके साथ ही वे भटकने से बच सके।

### खबर संक्षेप



#### समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा 28 जुलाई को

**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश ग्रामीण अंचल का विशाल समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा का आयोजन 28 जुलाई को होगा। आयोजन समिति के पंकज चौधरी ने यह जानकारी देते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को कांवर यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि काँवड़ यात्रा तीन रास्तों से होकर कमरौद पहुंचेगी। ग्राम मटिया अर्जुदा से टिकरी होते हुए कमरौद, खुटेरी कोटगांव से कमरौद और अरौद लाटाबोड़ से कमरौद बोल बम के जयकारे से गूंजेंगे। उन्होंने कहा कि शिवलिंग पर जलाभिषेक के बाद महाभोग और संगीत उत्सव होगा। श्री चौधरी ने बताया कि समरसता संकल्प कांवड़ यात्रा लगभग 15 किलोमीटर की होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ के भजन के अलावा शिव भगवान पर आधारित चलित झांकियां व आर्कषक डीजे, ढोल, ताशे के साथ कांवड़यात्रा निकाली जाएगी।

#### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में गगन सोनी ने जीता रजत पदक



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में दुर्ग जिला जूडो संघ द्वारा 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 15 जून से 17 जून तक बैकुंठ धाम शार्दापारा कैंप 2 भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में 25 जिले के 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें बालोद जिला जूडो संघ के 7 खिलाड़ी भी शामिल थे। प्रतियोगिता में दल्ली राजहरा एवं बालोद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी गगन सोनी ने अपने वजन ग्रुप में रजत पदक प्राप्त किया। बालोद जिला जूडो कोच के रूप में देवेंद्र भदोरिया सहायक उप निरीक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीजीएम माइंस आर बी गहरवार श्रीकांत सहित खेल प्रेमियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही प्रदेश जूडो संघ की आमसभा में सर्वसम्मति से अरुण द्विवेदी को अध्यक्ष, शंभू सोनी को सचिव एवं आलोक मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

#### कबाड़ी के गोदाम से तीन ट्रक चोरी का कबाड़ जब्त

**भिलाई।** शहर के चर्चित ललित कबाड़ी के गोदाम में दुर्ग पुलिस ने छापा मारकर तीन ट्रकों में चोरी का माल भी बरामद किया है। पुलिस ने मौके से फरार चल रहे ललित कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि देर रात जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ललित कबाड़ी के गोदाम में छापा मारने के निर्देश दिए थे। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बार ये खबर लीक नहीं होनी चाहिए और ललित कबाड़ी फरार नहीं होना चाहिए। एसपी के निर्देश पर एसीसीयू की टीम छापा मारने पहुंची। टीम ने देर रात जामुल पुलिस को भी बुलाया। इसके बाद दोनों पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने बड़े ही गोपनीय तरीके से ललित कबाड़ी के ऊपर छापा मार कार्रवाई की है। किसी को पता ना चाले इसलिए कार्रवाई देर रात 12 बजे के बाद की गई। पुलिस की टीम ललित कबाड़ी के गोकुल नगर जामुल स्थित गोदाम में अचानक पहुंची।

#### जगन्नाथ की शोभायात्रा 7 जुलाई को

**गुरूर।** नगर में आगामी 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में प्रातः 10 बजे भगवान जगन्नाथ जी की सामुहिक पूजा आरती की जाएगी। उसके बाद दोपहर 3 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो साहड़ा देव चौक होते हुए अंबेडकर चौक से धनेली चौक होकर वापस हनुमान मंदिर पहुंचेगी। शाम को जगन्नाथ जी की आरती, हनुमान आरती, शिव आरती, श्री रामस्तुति, सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ एवम् हनुमानाष्टक पाठ के साथ यात्रा समाप्त किया जाएगा।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### छग राज्य सड़क परिवहन निगम के तत्काल गठन की मांग

**रायपुर।** लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगुन मेघवानी ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का तत्काल गठन करने की मांग सरकार से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मेघवानी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य परिवहन का गठन न होने से गरीबों और आम जनता को अत्यधिक तकलीफ का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट वाहन मनमाने ढंग से अपनी गाड़ियों का संचालन करते हैं, आए दिन सड़क पर प्रतिस्पर्धा के चलते खून-खराबा पिछले 20 साल से देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन सरकार करे, ताकि सड़क पर वाहनों की एकरूपता प्रदेश व अन्य प्रदेशों में देखी जा सके, जो पूर्व में थी। उन्होंने कहा कि छग में पिछले 20 सालों से स्थापित सरकारों द्वारा छग राज्य सड़क परिवहन निगम की अनदेखी की जा रही है। परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सरकारों की अतिआवश्यक सेवा में आते हैं और छत्तीसगढ़ में ये तीनों व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

### महेश फिर बने गुप्ता समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई, भुंजवा, भुजी, गुप्ता समाज कल्याण रायपुर समिति द्वारा रविवार को आमसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोल चौक स्थित श्री राधा निकुंज रोहिणीपुरम में किया गया, जिसमें नवगठित पदाधिकारी का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के संस्थापक पूरनलाल गुप्ता ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख सलाहकार एवं उपाध्यक्ष मनीष कश्यप, सचिव विजय गुप्ता, सहसचिव अनिल कश्यप, रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, नितेश गुप्ता, प्रचार-प्रसार मंत्री सुनील गुप्ता, महेश कश्यप, हरि कश्यप, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, विधि सलाहकार आकाश गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### गुरु टेऊंराम महाराज के चालीसा पाठ में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में मंडलाचार्य गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का 138वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 1 जून से 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलने वाले चालीसा महोत्सव में इस बार कानपुर से संत भोलाराम महाराज आए हुए हैं। इस संबंध में आश्रम के सेवादारों ने बताया कि प्रेमप्रकाश आश्रम द्वारा घर-घर चालीसा महोत्सव में प्रतिदिन पालकी निकालकर टेऊंराम महाराज का चालीसा पाठ और भजन-संध्या का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रात्रि में भजन-संध्या के आयोजन से शुरू हुई, जो अभी भी पूरे भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा और भी कई अन्य देशों में भी होती है। प्रेमप्रकाश आश्रम का प्रमुख आश्रम जयपुर शहर राजस्थान में है, वहां भी प्रतिदिन नियमित रूप से चालीसा का पाठ किया जाता है।

### पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक संघ की बैठक



**रायपुर।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का प्रांतीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व मे 15 जून को कलेक्ट्रेट गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में संघ की मुख्य मांग पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करने की बात कही गई। संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी ब्लॉक एंव जिलों के जन-प्रतिनिधि, विधायकों और सांसदों से मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिया गया। सरगुजा, बस्तर धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, बिलासपुर, कांकेर, गरियाबंद, बालोद शाहिद विभिन्न जिलों से जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष सहित नारायण सोनी, दिनेश सिंह, नवीन चंद्राकर, खेदूराम चंद्राकर, हजरत अली व अन्य शामिल हुए।

# मंडियों में पहुंच रहीं स्टोरेज सब्जियां, क्वालिटी सही नहीं, दाम भी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर की थोक मंडियों में इन दिनों दूसरे राज्यों से ज्यादातर सब्जियां पहुंच रही हैं। इनमें स्टोरेज की गई सब्जियां होने के कारण इसकी क्वालिटी भी सही नहीं है। टमाटर के भाव चिल्हर में 60 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। 60 रुपए किलो मिल रहे टमाटर की क्वालिटी भी अच्छी नहीं आ रही है।

कई दिनों बाद स्टोरेज से बाहर निकाले जाने के कारण टमाटर कुछ पीले और दाग लगे आ रहे हैं, जिसके कारण इनका स्वाद भी बदला हुआ लग रहा है। आमतौर पर हर सब्जी में टमाटर का उपयोग किया जाता है, इसलिए मजबूरी में लोगों को न चाहते हुए भी ज्यादा दाम देकर निम्न क्वालिटी के टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं। टमाटर के अलावा बैंगन, पत्तागोभी, फूलगोभी, शिमला मिर्च, बरबट्टी, भिंडी सहित ऐसी कई सब्जियां हैं, जिसकी क्वालिटी अभी सही नहीं आ रही है, जबकि इनके भाव आसमान पर है।

### ट्रकों में भरकर आती हैं इसलिए भी हो रहीं खराब

इधर थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि स्टोरेज के साथ सब्जियां ट्रक में कैरेट या बोरे में भरकर आती हैं। इसके कारण सब्जियां दब जाती हैं, जिससे इनकी क्वालिटी में फर्क दिखाई देता है। उनका कहना है कि बारिश के दिनों में क्वालिटी में और गिरावट आ सकती है। बारिश का पानी पड़ने के कारण सब्जियां जल्दी सड़ने लगती हैं। इस कारण बारिश के सीजन में सब्जियों को ज्यादा समय तक स्टोरेज कर रखा नहीं जा सकता।



### 20-30 रुपए किलो की सब्जियां 60 से 80 रुपए तक

माहभर पहले 20 रुपए प्रति किलो बिकने वाली सब्जी पत्तागोभी, लौकी, भाटा की कीमत अब बढ़कर 50-60 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा कुंदरू, करेला, शिमला मिर्च, बरबट्टी आदि सब्जियां भी 30-40 से बढ़कर 80 रुपए किलो तक हो गई हैं। इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी बढ़े हुए हैं।

## वन विभाग ने बिजली विभाग के खिलाफ दर्ज की पीओआर

# करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में बिजली विभाग की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूरजपुर परिक्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हाथी की करंट लगने से मौत के मामले ने बिजली विभाग की पोल खोल कर रख दी है। हाथी की करंट से मौत बिजली खंभा गिरने से उसमें लगे हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से हुई है। हाथी पर जो सीमेंट का बिजली खंभा गिरा था, उस खंभा के नीचे बोल्डर का जो बेस देना था, वह नहीं था। खंभा को मिट्टी खोदकर गाड़ दिया गया था। दो हाथी आपस में द्वंद्व कर रहे थे या खेल रहे थे, इस दौरान एक हाथी बिजली खंभा से टकरा गया और खंभा उस पर गिर गया। करंट की चपेट में आने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की करंट से मौत होने पर बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। बिजली विभाग के अफसर ग्रामीणों द्वारा बिछाए करंट की चपेट में आने से मौत होने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। गौरतलब है कि ग्रमीणों द्वारा हाईटेंशन वायर से हुकिंग कर बिजली चोरी करने पर बिजली विभाग के अफसरों को हुकिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन विभाग किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं करता।

**सीमेंट पोल के नीचे बोल्डर का बेस नहीं देने की वजह से हाथी पर हाईटेंशन वायर वाला पोल गिरा**



### विद्युत मंडल के खिलाफ पीओआर

सूरजपुर फॉरेस्ट एसडीओ अनिल सिंह के मुताबिक विद्युत मंडल द्वारा विद्युत लाइन विस्तार के दौरान गाड़े गए विद्युत खंभे को मजबूती प्रदान करने बेस नहीं दिया गया था। यही वजह है कि मामूली टक्कर में विद्युत खंभा धराशायी हो गया और बिजली करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। विद्युत विभाग के खिलाफ पीओआर दर्ज कर प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

### बिजली पोल लगाने का यह है नियम

शहरी क्षेत्र में जो बिजली पोल लगाया जाता है, वह लोहे का होता है। लोहे के पोल को लगाने के लिए कंक्रीट तथा सीमेंट का बेस दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में सीमेंट का पोल लगाया जाता है। सीमेंट का पोल लगाने बेस देने बोल्डर का बेस दिया जाता है। शहर में पोल लगाते समय सीमेंट तथा कंक्रीट का बेस दिया जाता है, लेकिन ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र तथा वनक्षेत्र हैं, जहां से हाईटेंशन वायर लगाया जाता है। उन क्षेत्रों में सीमेंट पोल लगाने नियमों की अनदेखी की जाती है।



### एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से

राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक 180 हाथियों की मौत हो चुकी है। इनमें से एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से हुई है। जिन हाथियों की बिजली करंट से मौत हुई है, उनमें से ज्यादातर हाथी हाईटेंशन वायर की चपेट में आकर मरे हैं। गौरतलब है कि बिजली विभाग ने हाथियों को करंट से बचाने वर्ष 2018 में बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने वन विभाग से 1674 करोड़ रुपए की मांग की थी, इस पर वन विभाग ने बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने तथा नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने को बिजली विभाग की जिम्मेदारी बताकर पैसा देने से इनकार कर दिया।

# खाद्य घोटाले में संलिप्त अफसरों पर गिर सकती है गाज

- खाद्य अधिकारी संघ ने विधानसभा अध्यक्ष और समिति के सभापति से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य घोटाले को लेकर विधानसभा की जांच समिति की घोषणा के बाद खाद्य संचालनालय के अफसर सक्रिय हो गए हैं। समिति की पहली बैठक अगले माह के पहले सप्ताह में हो सकती है। उसके पहले प्रदेश की राशन दुकानों में पाई गई कमी और अन्य रिपोर्ट भेजने जिला प्रशासन को लिखा गया है। पूरे मामले में जिस प्रकार से गलत तरीके से कोटा जारी करवाया गया, इसमें संलिप्त अधिकारियों पर जांच शुरू होने के पहले गाज गिर सकती है।

उनका कहना है कि विधानसभा समिति को जांच से भटकाने और खाद्य निरीक्षकों द्वारा हर महीने घोषणापत्र में बचत स्टॉक होने की जानकारी देने के बावजूद संचालनालय के अपर संचालक, संचालक खाद्य को भ्रमित कर कोटा जारी करवाते रहे। 600 करोड़ रुपये का चावल आज भी राशन दुकानों में है, लेकिन निरीक्षकों पर दबाव डाल कर बाजार से बोगस चावल खरीदी करवाया जा रहा है। इसे प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में केवल राजस्व वसूली का ही विकल्प है। किसी भी राशन दुकानदार से आज तक कोई वसूली नहीं हो पाई है, उल्टा नियम विपरीत राजस्व वसूली के खिलाफ कवर्धा, कांकेर, बस्तर, जशपुर जिले का मामला कोर्ट तक पहुंचा है।

### निरीक्षकों पर डाला जा रहा दबाव

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में साल में एक बार भौतिक सत्यापन का कोई नियम नहीं है, बल्कि हर महीने घोषणापत्र में राशन दुकान में बचे खाद्यान्न की जानकारी मिल जाती थी। फरवरी 2022 में तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र गायब कर दिया गया है। खाद्य निरीक्षकों से पिछले तीन महीने का घोषणापत्र सही है, का माड्यूल में जबरन एंट्री कराई जा रही है। जब घोषणापत्र ही नहीं है, तो खाद्य निरीक्षक किस घोषणापत्र के सही होने की एंट्री करेगा?

### यह बताया जा रहा कारण

खाद्य संचालनालय के अपर संचालक विभागीय और भौतिक सत्यापन में अंतर की चिट्ठी संचालक से जारी करवा रहे हैं, जिसमें 14.03 लाख मीट्रिक टन चावल, 33 हजार क्विंटल शक्कर का अंतर है। अंतर के लिए तकनीकी कारण, डेटा अपलोड और राशन दुकानों के केस बनने का हवाला दिया गया है।

### संलिप्त अधिकारी को हटाने की मांग

सेवानिवृत्त खाद्य अधिकारी रमेश चंद्र गुलाटी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विधानसभा समिति के सभापति पुन्नू लाल मोहिले, सदस्य राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी से मिलकर अपर संचालक को जांच के पहले हटाने की मांग की है। उनके रहते निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती। खाद्य विभाग के सचिव वी राजू और संचालक जितेंद्र शुक्ला को भी ज्ञापन देकर घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारी को हटाने की मांग की है।

# स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया छग एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में आयोजित था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी मास्टर 40 वर्ष से अधिक में 48 किलो में प्रथम शकुंतला सिंह, 53 किलो में संजीदा खातून प्रथम, 57 किलो में कमला देवी मंगतानी प्रथम, 57 किलो से अधिक में गायत्री बोराट प्रथम रहीं। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 48 किलो में सुचित्रा शर्मा प्रथम, 53 किलो में मुस्कान देवांगन, 58 किलो में सलिता पंडिया, जूनियर वर्ग 48 किलो में सुमन मरकाम प्रथम, 57 किलो में वर्षा चौहान प्रथम, सब जूनियर वर्ग में 48 किलो में जया साहू प्रथम, 53 किलो में निशी, पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग में महेश कुमार आजाद प्रथम, रोहित कुमार चौधरी सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला साथ में बलदेव एजेंसी के मालिक सुनील सोनू ने किया। इसी दौरान पुरस्कार वितरण प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लखपति सिंदूर, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय, चंद्रदीप भारती, माताशरण साहू थे।

# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी साढ़े पांच माह में 80 का रेरा में पंजीयन

- बीते साल 137 योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीयल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक साढ़े पांच माह में 80 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रीयल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रीयल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रीयल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। सालभर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

- बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं
- महंगे घरों पर ज्यादा फोकस इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा




### 2022 में 273 योजनाओं का रिकॉर्ड

रीयल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना, उनको रेरा में पंजीयन कs बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोनाकाल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुईं। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुईं। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद बीते साल 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

### अब तक 80 योजनाएं

*नए साल 2024 की पहली छमाही में अब तक 80 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। मई में 12 और जून में अब तक 8 नई योजनाएं आई हैं। कुल मिलाकर अब तक 80 नई योजनाएं आई हैं। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेशभर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। पिछली सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी, जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।*

## ओडिशा सहित लंबी दूरी के लिए चलने वाली बसों में पहले से टिकट बुक

# ट्रेन की लेटलतीफी से यात्रियों का मोहभंग, झुकाव लग्जरी बसों की ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन की लेटलतीफी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रही है। ओडिशा से लेकर ज्यादातर मार्गों के लिए चलने वाली यात्री ट्रेन आठ से दस घंटे विलंब से चल रही है। इसके चलते ट्रेन से लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वाले यात्री बस से सफर कर रहे हैं। लंबी दूरी के लिए लग्जरी बस चलने की वजह से यात्रियों के लिए ट्रेन से ज्यादा सुविधाजनक बस हो गई है। ओडिशा मार्ग पर बस संचालित करने वाले बस ऑपरेटरों के मुताबिक कटक, पुरी, भनेश्वर, संबलपुर सहित अन्य लंबी दूरी की शहर के लिए यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। यात्री ट्रेन से सफर करने के बजाय बस से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। बस ऑपरेटरों के मुताबिक ओडिशा रूट पर लंबी दूरी के लिए चलने वाली ज्यादातर बस एसी कोच तथा लग्जरी है।

### किराया भाड़ा में मामूली अंतर

अलग-अलग यात्रियों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि ट्रेन के माध्यम से रायपुर से भुवनेश्वर, कटक, पुरी जाने एसी थ्री टियर में एक हजार रुपए के करीब भाड़ा लगता है। एसी कोच वाली लग्जरी बस में भी करीब उतना भाड़ा लगता है। इस वजह से ट्रेन की अपेक्षा वे बस से यात्रा करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।



### सुबह 10 बजे तक सीट फूल

बस ऑपरेटरों के मुताबिक बस से सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक खास सुविधा यह है कि जिस मार्ग से बस निकलती है, यात्री बस स्टाप के अलावा कहीं अन्य स्टाप जहां बस रुकती है, वहां से बस में बैठ सकते हैं। बस ऑपरेटरों के अनुसार पूर्व में बस छूटने के आधा घंटा पहले तक बुकिंग होती थी। वर्तमान में स्थिति ऐसी है कि सुबह 10 बजे तक बस की सभी सीटें ऑनलाइन बुक हो जाती हैं। ऐसी स्थिति इंदौर, नागपुर तथा हैदराबाद रूट पर चलने वाली बसों की भी है। ओडिशा मार्ग पर लंबी दूरी के लिए रायपुर से डेढ़ दर्जन से ज्यादा एसी कोच वाली लग्जरी बसें संचालित हो रही हैं।

### समय में पहुंचने की गारंटी

ओडिशा से आए बस यात्री विश्वजीत के मुताबिक ट्रेन की टाइमिंग का कोई ठिकाना नहीं होने की वजह से वह बस से आवाजाही कर रहे हैं। विश्वजीत के मुताबिक पूर्व में वह ट्रेन से यात्रा करते थे, लेकिन पिछले कई महीनों से ट्रेन लेट होने के साथ रद्द हो रही है। इसके कारण विश्वजीत ने बस से आने की बात कही। विश्वजीत के अनुसार बस से आवाजाही करने पर समय पर पहुंचने की गारंटी है।

### रात्रिकालीन बस सेवा होने से राहत

एक अन्य यात्री हिमांशु के मुताबिक उनका अपने काम के सिलसिले में रायपुर आना-जाना लगा रहता है। हिमांशु के मुताबिक उसके लिए ट्रेन से आवाजाही करना ज्यादा सुविधाजनक है। एक साल से ज्यादा समय से समय बेसमय ट्रेन की कैंसिल होने के साथ ही समय पर नहीं चलने की वजह से उसका ट्रेन से मोहभंग हो गया।

# टाइटन टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच में टाइटन इलेवन रायपुर ने सीएसके बेमेतरा को 8 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले खेलते हुए टाइटन ने अभिजीत की 14 गेंदों पर 34 रन के साथ कुल 114 रन बनाए। रनों का पीछा करते हुए बेमेतरा की टीम ने 106 रन बनाए। टाइटन टीम के प्रवेश ने 3 विकेट लिए, जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज टिम्बरलैंड टीम के संकल्प श्रीवास्तव को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री



बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा ने पारितोषिक वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

अंत में आयोजक राहुल श्रीवास्तव और अतुल श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी मंत्री कश्यप ने वर्षा पूर्व की नगर निगम की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर वर्षा पूर्व जलभराव तथा नालों के जाम से निपटने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है एवं बाढ़ आपदा से बचने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 70 वार्डों के नालों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। यदि जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो तो इससे निपटने के लिए भी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जोन के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा जोन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रखी जाए। निगम के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि आपदा की स्थिति में सहायता के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करने के लिए आपातकालीन व्यवस्था की गई है। इसके लिए दूरभाष नंबर भी जारी किए गए हैं। निगम की ज्वाइंट टीम तैयार कर ली गई है, जिसमें आपातकालीन व्यवस्था की गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का मुख्यालय मोटर कर्मशाला कार्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास रायपुर में बनाया गया है।

### शासकीय एकलव्य कालेज में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सत्र 2024-25 में बी.ए., बी. कॉम एवं बी.एस.सी (बायो., गणित, माइक्रो) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा 18 जून से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने बताया कि कॉलेज में प्रवेश के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर के सभी सीटों के लिए प्रथम मेरिट सूची 2 जुलाई को जारी की जाएगी। मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थी 3 से 8 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर मेरिट सूची स्वतः समाप्त हो जाएगी।

### कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 19 जून को दोपहर 3 बजे मंत्रालय में होगी। चुनाव आचार संहिता लगने के पहले 6 मार्च को कैबिनेट हुई थी। तीन माह बाद हो रही कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। बैठक में राज्य सरकार विभिन्न विभागों में होने वाली भर्तियों को मंजूरी दे सकती है। साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों के संबंध में चिभागीय मंत्रियों से चर्चा की जाएगी। वहीं चालू खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर मानसून की स्थिति और खेती किसानी की समीक्षा होगी। कृषि और मार्कफेड विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर समितियों में खाद बीज के वितरण और भंडारण की स्थिति पर विचार किया जाएगा। बताया जाता है कि राज्य में बनाए जाने वाले गौ अभयारण्य को लेकर भी बनी कार्ययोजना को मंजूरी दी जाएगी।

### खड़ी हाईवा में ऑटो घुसने से चालक की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में रोड पर खड़ी हाईवा में ऑटो घुसने से ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा निवासी गुरजीत सिंह शुक्रवार देर रात अपनी ऑटो में सिमगा से रायपुर लौट रहा था। मेहंदी ओवरब्रिज के पहले चरोदा मोड़ के पास हाईवा सीजी-12 एस-2601 के चालक ने बीच रोड पर हाईवा खड़ी कर दी थी, जिसे ऑटो चालक नहीं देख पाया और ऑटो हाईवा से भिड़ गया। टकराने की वजह से गुरजीत सिंह को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# रागी के लिए न फंड जारी न ही किसानों ने दिखाई रुचि, इसलिए खेती भी शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पहले साल 2021 में रागी के करीब 100 हेक्टेयर रकबा में खेती कर फसल का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य की तुलना में करीब 55 एकड़ रकबा में ही फसल हो पाई थी। इसके दूसरे वर्ष 2022 में खेती का रकबा घटकर सीधे 16 हेक्टेयर में पहुंच गया, जो तीसरे वर्ष 2023 में यह 2 हेक्टेयर में सिमट कर रह गया था।

चौथे वर्ष 2024 में हालात यह हैं कि रागी की खेती शून्य हो गई है। इसका कारण रागी के लिए न ही केंद्र व राज्य सरकार से कोई फंड जारी हुआ है और न ही इस बार किसानों ने खेती के लिए कोई रुचि दिखाई है।

### 3578 रुपए समर्थन मूल्य एवं 6 हजार अनुदान राशि

रागी अनाज से होने वाले फायदे को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी खेती को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में इसे शामिल किया है। इस खेती में किसानों को धान की तुलना में समर्थन मूल्य ज्यादा है। रागी का उत्पादन बढ़ाने किसानों को प्रति एकड़ समर्थन मूल्य 3578 रुपए के अलावा 6 हजार रुपए का अनुदान भी दिया जाता है। इसमें केंद्रांश का 60 प्रतिशत एवं राज्यांश का 40 प्रतिशत है। इस योजना के तहत ज्यादातर रागी की फसलें प्रदर्शनी करने लगाई गई थीं, वहीं स्वयं से फसल लगाने वाले किसानों ने एक एकड़ से बहुत कम रकबा में इसकी खेती की थी। इस तरह स्वयं से फसल लगाने वालों को फसल के अनुसार अनुदान की राशि तो मिली, लेकिन एक एकड़ से कम में फसल लगाने के कारण समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को नहीं मिल पाया।



#### इस साल फंड जारी नहीं

रागी फसल के लिए इस साल फंड अब तक जारी नहीं हुआ है। 55 हेक्टेयर रकबा में खेती लक्ष्य का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन मंजूरी नहीं मिली है।

- राजेंद्र कश्यप
उप संचालक
कृषि विभाग, रायपुर

### बाजार उपलब्ध नहीं, इसलिए रुचि नहीं लेते किसान

रायपुर जिले में रागी का उत्पादन अब तक बहुत कम किसानों ने किया है। इसका सबसे बड़ा कारण जिले में रागी की फसल बेचने के लिए शासन ने कोई बाजार उपलब्ध नहीं कराया है। रागी का उत्पादन करने वाले किसानों को फसल बेचने के लिए बिलाईगढ़ जाना पड़ता है। धान के समर्थन मूल्य से रागी का जरूर ज्यादा है, लेकिन जिले में बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान इसकी खेती करना नहीं चाहते।

**ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा भी महंगा :** रागी की फसल खरीदने के लिए रायपुर के किसानों को बिलाईगढ़ जाना पड़ता है, जिसके कारण ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा उन्हें ज्यादा देना पड़ता है। धान का समर्थन मूल्य 31 सौ प्रति क्विंटल है, वहीं रागी का 3578 रुपए है।

## जनदर्शन में कलेक्टोरेट पहुंचे लोगों से कलेक्टर ने की मुलाकात, सुनी समस्याएं

# आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण के लिए करें त्वरित कार्यवाही : चंद्रवाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे लोगों की मांगों एवं समस्याओं का सूक्ष्मता से परीक्षण कर उनके निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के आम नागरिक आशा और विश्वास के साथ अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि उनके समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका निराकरण सुनिश्चित की जाए। चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### राशन कार्ड, पेंशन से लेकर जमीन सीमांकन के भी आवेदन

जनदर्शन में अर्जुंदा निवासी तुलसी बाई ने राशन कार्ड बनाने, ग्राम कंवर निवासी सुमित्र ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण, खुर्सीटिकुर निवासी रानी बाई ने अपनी जमीन का सीमांकन करने, डोंगीतराई निवासी दुलारी बाई ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, डौण्डीलोहारा निवासी चिंताराम ने अपने मोहल्ला में हैण्डपंप खनन कराने, बोरिद निवासी ओमप्रकाश ने ऋण पुस्तिका बनाने, फरदफोड़ निवासी किशुन ने अपने निजी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आज की जाएगी सिकल सेल की निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को जिले के विभिन्न ग्रामों में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर ने बताया कि 19 जून विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के डौण्डी, डौंडीलोहारा, देवरी, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं गुरूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क सिकल सेल जांच की जाएगी। इसी तरह जिले के जगन्नाथपुर सांकरा, करहीभदर, लाटाबोड, पीपरछेडी, आमाडुला, दल्लीराजहरा (चिखलाकसा), घोटिया, सुरडोंगर, अरजपुरी, भंवरमरा, दुपेचरा, मंगचुवा, नाहंदा, पिनकापार, संजारी, सुरेगांव, बेलौदी, भरदाकला, गुरेदा, कलंगपुर, खुरसुनी, कुरदी, माहुद (बी), रंनचिरई, सांकरी, सिरसिदा, अरमरीकला, बोरदा, पलारी एवं पुरूर उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सिकल सेल की जांच निःशुल्क की जाएगी।

- विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम भी

इसके साथ ही विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल संबंधी जन जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार, काउंसलिंग तथा सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 जून विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सिकल सेल जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन टाऊन हॉल बालोद में किया जाएगा। जिला स्तरीय सिकल सेल जन जागरूकता कार्यक्रम में आम जनों का निःशुल्क सिकल सेल जाँच भी की जाएगी।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर ने बताया कि सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 70 छात्रावास एवं 17 आश्रमों तथा आदिवासी विकासखंड मुख्यालय में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी में प्रवेशित शत प्रतिशत बच्चों का सिकल सेल जाँच किया जाएगा।

इसके साथ ही जिले में संचालित समस्त आंगनबाडी केन्द्रों एवं स्कूलों में भी सिकल सेल जनजागरूकता शिविर तथा काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

# पड़ोसी पर रास्ता बंद करने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर के सामने आवागमन करने के लिए छोड़ी गई जमीन पर अतिक्रमण करके सीढ़ियां बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ग्राम मालीघोरी निवासी ठाकुर राम देवांगन ने कलेक्टर से शिकायत की है।

शिकायतकर्ता ठाकुर राम ने बताया कि वह राजस्व निरीक्षक के पद पदस्थ थे, वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। घर में ही फोटो फ्रेमिंग की दुकान है, उसने बताया कि अपने घर में आने-जाने के लिये अपनी ही भूमि में से तीन फीट भूमि-भाग को रास्ते के रूप में छोड़ा है और दरवाजा लगाकर इसी रास्ते से अपने घर में आता-जाता हूं।

विगत माह अप्रैल 2024 में नवरात्रि के समय मेरे पड़ोसी ने मेरे निजी रास्ते को बंद कर मेरे घर की दीवार से चिपकाकर छत में जाने के लिये पक्की सीढ़ी बनवा दी है। वहीं, अन्य निर्माण सामग्री रखकर मेरे घर में आने-जाने के दरवाजे को भी बंद कर दिया है। इसके कारण मैं अपने घर में आ-जा नहीं सकता। वहीं सीढ़ी व निर्माण सामग्री को हटाने के लिए कहने पर धमकी देता है।उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वह कई बार मारपीट कर चुका है, जिसकी रिपोर्ट करने पर बालोद थाने में उनके खिलाफ धारा 325 भादवि का मामला पंजीबद्ध हुआ था। शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मामले का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 जून को रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को नमन किया है। श्री साय ने कहा कि झांसी की रानी ने मातृभूमि के गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वे सच्चे अर्थों में वीरांगना थीं। रानी लक्ष्मीबाई शौर्य, पराक्रम, साहस की प्रतिमूर्ति और नारी शक्ति की मिसाल हैं।

# शिक्षिका ने लगाया बरगद का पौधा, परिवार ने ली सुरक्षा की जिम्मेदारी



**बालोद।** आने वाले बरसात में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। इस क्रम में अपने पिता के जन्मदिन पर एक शिक्षिका बेटी ने भी एक पहल की। ग्राम जमरुवा में शिक्षिका पुष्पलता साहू ने अपने पिता सेवानिवृत्त शिक्षक चोवा राम साहू के 74वें जन्म दिवस पर तालाब के किनारे बरगद का पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पुष्पलता साहू ने कहा कि आज मानसून में देरी होती है। समय पर बारिश नहीं होती। खंड वर्षा होती है। इसके पीछे कई कारण हैं। इनमें पर्यावरण असंतुलित होना भी है। पर्यावरण को बचाए रखने के लिए और साफ हवा लेने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे। बरगद के पौधे को सुरक्षित रखने का जिम्मा भी पुष्पलता साहू के परिवार ने उठाया है।

# विजन 2047 का रोडमैप बनाने की तैयारी, सरकार ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्र में नई सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी विभागों के साथ मैराथन बैठक कर रहे हैं। साय सरकार को 6 महीने पूरे हो गए हैं, साथ ही विजन 2047 को लेकर रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विजन 2047 को लेकर काम शुरू कर दिया है। आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरुआत हो गई है।

- आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरू

राज्य सरकार ने सभी मंत्रियों और विधायकों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने 30 जून तक सुझाव मंगाए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार किया जा रहा है। इसका जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। आयोग इस संबंध में सभी विभागों व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श भी कर रहा है। छत्तीसगढ़ स्टील और सीमेंट उत्पादक होने के साथ ही कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और टिन जैसी बहुमूल्य खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है। यहां के विकास में कैसे बेहत्तर उपयोग करें, इस पर भी विचार किया गया।

### एक नवंबर को जारी होगा डाक्यूमेंट

राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को विजन डाक्यूमेंट 2047 जारी किया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय बैठक में सभी विभागों से सुझाव आमंत्रित करने की प्रक्रिया जारी है। इसमें वन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना, यातायात, खेल, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, आदिवासी क्षेत्रों में विकास, जनजाति विकास, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, धर्मस्व एवं संस्कृति आदि विभागों से सुझाव मिलना शुरू हो चुका है।

### आम जनता से भी मांगे गए सुझाव

विजन 2047 को लेकर किस तरह से विकास कार्यों का चिन्हांकन हो, साथ ही संसाधनों का उपयोग कैसे हो कि राज्य के लोगों को इसका लाभ मिले। योजनाओं के माध्यम से उनका जीवन स्तर उपर उठाया जा सकता है, ऐसे विषयों पर सुझाव दे सकते हैं।

## पेज 11 के शेष

### सभी कार्यालयों में ...

समस्या निवारण शिविर में निराकरण नही होने वाले प्रकरणों की विधिवत समीक्षा कर उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**किसानों को खाद-बीज के लिए न हो परेशानी :** बैठक में कलेक्टर ने जिले में किसानों के लिए खाद, बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने कृषि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सहकारिता एवं बीज विकास निगम के अधिकारियों से खाद बीज के भण्डारण एवं वितरण के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में जिले के किसानों को खाद, बीज के प्रबंध के लिए कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

### गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम ..

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने कृषि, राजस्व एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों से मानसून पूर्व तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की स्थितियों से निपटने एवं आम जनता की मदद हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सहकारी समिति ...

भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू कर समिति कर्मचारियों से भर्ती किया जाए, जिसमें उम्र और योग्यता में छूट दी जाए।

धान खरीदी, खाद बीज, उपभोक्ता कमीशन, प्रासंगिक सुरक्षा व्यय चार गुना वृद्धि किया जाए तथा ब्याज अनुदान की राशि वर्ष के अंत तक 31 मार्च पर दिया जाए।

### विवादों में घिरी संस्था को ...

पर संदेह पैदा होता है। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि प्रदेश सरकार छात्रों के हित के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है। यही कारण है कि विवादों से घिरे संस्थान को ही प्रदेश की नई शिक्षा प्रणाली के लिए अधिकृत कर रही है।

संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ छात्र हित को ध्यान में रखकर कार्य करे एवं ऐसे संस्थान को जिम्मेदारी न दे, जो विवादों से घिरी है। संगीता सिन्हा ने कहा कि हम छात्रों के हित के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नही करेंगे। छात्र हित में हम सड़क की लड़ाई भी लड़ने को तैयार हैं।


## बिजनेस साइट

# समर शॉपिंग फेस्टिवल में उमड़ रही भीड़



**बालोद।** सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद स्थित इस मेले में महिलाओं को ध्यान में रखकर साथ ही साथ इस समर के मौसम में साड़ियों की भरपूर रेंज को रखा गया है। संचालक कृष्णा सिंह के द्वारा बताया गया कि इसमें आपकों सिल्क साड़ी, कोसा साड़ी, चंदेरी साड़ी, चंदेरी सिल्क साड़ी, कांथा वर्क साडी बनारसी साड़ी, कॉटन साड़ी, काशमीरी सिल्क साड़ी, लखनवी साड़ी आदि की सभी रेंज यहां पर रखी गई है। साथ ही साथ यहां बच्चों के लिए समर के कपड़ों के साथ बड़े लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के कपड़ों की रेंज रखी गई है। साथ ही यहां झांसी बेडशीट, सोफा कवर, टेबल कवर, टॉप, जयपूरी सूट, खादी सूट, लखनवी सूट, गुजराती सूट, फैंसी लेडिज टॉप, राजस्थानी चूनर, मोजड़ी , पुरूषों के लिए जीस, पेन्ट, शर्ट, कुर्ता, पैजामा, लोवर फैंसी लेडीज़ चप्पल, फैंसी ज्वेलरी, टेराकोटा मूर्ति, काशमीरी शॉल, काशमीरी सूट मटेरियल , मुम्बई फैशन, गुजराती नमकीन, चंदन फेश क्रीम , आदिवासी हेयर आयल जो लोगों के लिए बहुत ही आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। एक बार आकर इस मेले में पूरे परिवार के साथ इस समर शॉपिंग फेस्टिवल का आनंद प्राप्त करे।

### सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत अग्रवाल 19 जून को शहर में



**रायपुर।** देश के सुप्रसिद्ध ह्नदय रोग विशेषज्ञ हैं डॉ. भरत अग्रवाल श्री नरसिंह मल्टीस्पेषलिटी हॉस्पिटल गंजपारा रोड, बालोद छ.ग. मे 19 जून को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक अपना परामर्श देने आ रहें है। ह्नदय रोग से संबंधित सभी मरीज, जिन्हे सांस लेने में तकलीफ हो, बार- बार पसीना आता हो, सीने में जलन और दर्द, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, अन्य ह्नदय संबंधी विकार से ग्रसित रोगी संपर्क पूर्व रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें।

**खबर संक्षेप**

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बालोद/सिकोसा।** भाटागांव (बी) निवासी सुशीला साहू 27 वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार वह अपने घर में काम कर रही थी। इसी दौरान सुबह लगभग 10 बजे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश की जानकारी मिलने पर प्राथमिक उपचार जड़ी-बूटी एवं झाड़ फूंक से इलाज कराने के लिए उनके परिवार वाले उन्हें ग्राम भोथली लेकर गए। लेकिन, उनकी हालत खराब होने पर जिला चिकित्सालय बालोद लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम भाटागांव में किया गया।

### माता कर्मा कॉलेज गुण्डरदेही में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**गुण्डरदेही।** नगर के माता कर्मा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही में बीए प्रथम वर्ष हिंदी साहित्य, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, बीकाम प्रथम वर्ष एवं बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 18 जून से 31 जुलाई तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि 18 जून से 31 जुलाई के बीच प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। यह सुविधा नजदीकी कंप्यूटर सेंटर्स एवं महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में भी उपलब्ध है। इस वर्ष महाविद्यालय में सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाई की जाएगी, इससे छात्र–छात्राओं को विषय की पढ़ाई करने में अधिक सुविधा मिलेगी और वे अच्छे अंक प्राप्त कर सकेंगे।

### आत्मानंद स्कूल की रिक्त सीटों के लिए आवेदन 25 तक

**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा में प्रथम चरण लॉटरी से चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश के बाद शेष रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे।जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशानुसार फिर से आवेदन पत्र आमंत्रित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इच्छुक आवेदक 25 जून तक विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### अस्पताल स्टाफ से दुर्व्यवहार दो आरोपी जेल दाखिल

**डौंडीलोहारा।** नगर के अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे दो लोगों ने अस्पताल स्टॉफ के साथ दुर्व्यवहार व बत्तमीजी की। अस्पताल स्टॉफ की सूचना पर पुलिस ने दोनों ही व्यक्ति के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। टीआई एलपी जायसवाल व एएसआई धनेलिया ने बताया कि सोमवार की रात्रि साढ़े दस बजे ग्राम चिल्हाटीकला निवासी महेंद्र कुमार 22 वर्ष व ग्राम रेंगनी निवासी सोमप्रकाश ठाकुर 21 वर्ष नशे की हालत में इलाज के लिए पहुंचे। स्टाफ से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ने अस्पताल स्टॉफ के साथ बदतमीजी की। समझाईश के बाद भी दोनों नहीं माने तो अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### छज्जा गिरने से तीन मजदूर घायल

**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र भिलाई स्थित एक बंद पड़ी सरोजा इंडस्ट्री में निर्माण कार्य के दौरान छज्जा गिरने से तीन मजदूर घायल हो गए है। जिनमें एक मजदूर को गंभीर चोटे आई है। जामुल थाना प्रभारी केशव कोसल ने बताया कि छावनी चौक में एसएस हॉस्पिटल के पीछे कई सालों से बंद पड़ी एक लाइट इंडस्ट्री स्थित है। इसका नाम सरोजा इंडस्ट्री है। सोमवार को इस इंडस्ट्री की दीवार को ऊंचा करने का काम चल रहा था। इसके लिए उसके ऊपर बने छज्जे को तोड़ने का काम किया जा रहा था। छज्जा तड़ने के दौरान अचानक वो भरभराकर नीचे गिर गया। इसमें तीन मजदूर उसके मलबे में दब गए। आसपास मौजूद अन्य मजदूरों ने दौड़कर उन्हें बचाया।

---

जूनियर कबड्डी स्पर्धा के समापन समारोह में दुर्ग सांसद विजय ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

# रिसाली टाइगर्स ने खुंडवा पेंथर्स को हराकर जीता प्रतियोगिता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

स्व :भरत लाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्था द्वारा रिसाली नगर निगम के दशहरा मैदान में आयोजित जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी उपस्थित थे। पहले उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर खेल का आनंद उठाते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उसके बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि जूनियर कबड्डी में फाइनल मुकाबला खुंडवा पेंथर्स व रिसाली टाइगर के बीच हुआ, जिसमें रिसाली टाइगर्स ने खुंडवा पेंथर्स को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। इसमें दोनों टीमों के बीच मुकाबला 50-41 अंकों का रहा। वहीं, तृतीय स्थान महादेव व चतुर्थ स्थान जनपद के जांबाज की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन दुर्ग ज़िले की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का स्वर्णिम मंच है। यहां से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीम वर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है।





**41 वर्षों से हो रहा सतत आयोजन**

आदर्श सांस्कृतिक व क्रीडा मडंल रिसाली के अध्यक्ष गेंदलाल वर्मा ने बताया कि स्व भरत लाल देशमुख के कारण ही हमारी संस्था का सतत आयोजन 41 साल से हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली महापौर शशी सिन्हा, आदर्श सांस्कृतिक मण्डल रिसाली के अध्यक्ष शिवराज, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष झमिता गायकवाड़, सांसद प्रतिनिधी पप्पू चंद्राकर, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, पार्षद विधि यादव सहित समस्त खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### जुझारु और संघर्षशील व्यक्ति थे देशमुख

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि हमारे समय में मिट्टी व मुरूम का प्ले ग्राउंड रहता था। उस पर खेलते समय कई बार हाथ-पैरों में चोट लग जाती थी, मां घर में मरहम पट्टी कर देती थीं। संसाधन का अभाव होते हुए भी मध्य प्रदेश की टीम ने कबड्डी में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने कहा कि न तो पैरों में जूते होते थे, न ही ड्रेस मिलता था। कभी मिल भी गए, तो साइज, बेसाइज लेकिन मन में खेल भावना व खेलने की ललक ने जीवन में पीछे मुड़ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश के लिए खेलते हुए स्वर्ण पद लेकर आए। उन्होंने स्वर्गीय भरत देशमुख को याद करते हुए उनके साथ खेले गए दिनों को याद किया। श्री बघेल ने कहा कि श्री देशमुख एक जुझारु और संघर्षशील व्यक्ति थे। उन्होंने जीवन में खेल भावना का परिचय देते हुए सभी को खेल के प्रेरित किया। उनका जीवन खेल व खेलप्रेमियों के लिए था। सांसद श्री बघेल ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ शासन में प्रथम कबड्डी के कोच थे। श्री बघेल ने कहा कि आने वाले दिनों में हम सब के प्रयास से बालक-बालिका वर्ग के लिए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

---

# अर्जगुंडरा के ग्रामीणों ने की गांव में ही राशन दुकान खोलने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के ग्राम पंचायत बेलोदा अंतर्गत पांच गांव शामिल हैं, जो मुख्य गांव बेलोदा से राशन सामग्री लेने के लिए आते हैं। लेकिन, अब आश्रित ग्राम गोटूलमुण्डा, केशोपुर के ग्रामीण ग्राम अर्जगुंडरा में राशन दुकान खोलने की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार मुख्य ग्राम बेलोदा में वर्षों से राशन दुकान संचालित हो रही है, जहाँ से आश्रित ग्राम गोटूलमुण्डा, केशोपुर और अर्जगुंडरा के ग्रामीण लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूरी तय कर राशन सामग्री लेने के लिए पहुंचते हैं। इसलिए आश्रित ग्रामीणों की मांग है कि आश्रित ग्राम अर्जगुंडरा में राशन दुकान खोली जाए, जिससे तीनों गांव के ग्रामीणों को आसानी से राशन सामग्री मिलेगी तथा लम्बी दूरी तय करने से राहत मिलेगी।

अनीता, कौशिल्या, प्रीति सहित अन्य ग्रामीणों की मांग की है कि तीनों आश्रित ग्रामों को मिलाकर एक अन्य सेक्टर राशन दुकान अर्जगुंडरा में खोली जाए और केशोपुर और गोटूलमुण्डा को जोड़ा जाए।

इसके साथ ही उन्होंने दो दिन राशन दुकान का संचालन अर्जगुंडरा से करने की मांग की, क्योंकि बेलोदा गांव से बरसात व गर्मी के दिनों में राशन सामग्री लाने के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में पहुंचीं रजनी बघेल, जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद विजय बघेल के पक्ष में प्रचार करने के लिए उनकी पत्नी रजनी बघेल ने धुआंधार जनसंपर्क किया था। वहीं, अब चुनाव जीतने के बाद अब उन क्षेत्रों में जाकर लोगों का आभार जता रही हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम पंचायत पुरई और ग्राम पंचायत भानपुरी में मनरेगा मजदूरों के बीच पहुंचीं और उनका आभार जताया और उन्हें मिठाई खिलाई। श्रीमती बघेल ने ग्रामीणों से कहा कि दुर्ग ग्रामीण में जिस तरह युवा विधायक ललित चंद्राकर को जीताकर भेजा, उसी प्रकार क्षेत्र से आप लोगों ने 43000 मतों के भारी अंतर से लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को भी जीत का आशीर्वाद दिया। इसके लिए में आप सभी का हमेशा आभारी रहूंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो किसानों और आम नागरिकों से वादा किया, उन्हें पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी को महतारी वंदन की राशि पूरे पांच साल मिलेगी, कुछ कांग्रेसी भ्रमित कर रहे हैं, लेकिन उनके बहकावे में न आएं।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर, भानपुरी सरपंच राजू लाल देशमुख, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल ठाकुर, मदन साहू, बुधे दिल्लीवार, यशवंत देशमुख, कांति साहू, सुकन्या ओझा, रूपा विश्वकर्मा, अनूप ठाकुर, जेठू साहू, हेमलता साहू, प्रमिला साहू, मधु राजपूत, सरिता वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# सेजस जामगांव आर में शिक्षकों को दिया गया एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर



पाटन विकासखंड भरर जोन में एफएलएन चार दिवसीय प्रशिक्षण सेजस जामगांव आर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा 1, 2, 3 पढ़ाने वाले शिक्षक एवं प्रधान पाठक उपस्थित थे।

प्रशिक्षण डीआरजी रूपेश साहू, टिकेश्वर गजपाल एवं एलएलएफ की ओर से कुलेश्वर साहू द्वारा दिया गया। जिसमें बुनियादी भाषा एवम गणित पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी शिक्षकों ने बुनियादी भाषा एवं गणितीय डिजाइन, वार्षिक, सप्ताहिक, दैनिक कार्य योजना, एनसीएफ एफएस 2022 के फ्रेमवर्क के साथ बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित कौशल को कैसे प्राप्त करें के संबंध में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से डेमो कर दिखाया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में नवाजतन, पुस्तकालय एवं ई जादुई पिटारा पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विकासखंड पाटन बीआरसी खिलावन चोपड़िया और प्राचार्य राजेश पिल्लई विशेष रूप से उपस्थित थे।

# भालू के हमले में घायल व्यक्ति ने मांगी आर्थिक



**बालोद।** तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान भालू के हमले से घायल व्यक्ति ने आर्थिक सहयोग के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। जिले के ग्राम पंचायत बरही के आश्रित ग्राम कांडे निवासी महेन्द्र पर तेंदुपत्ता तोड़ने के दौरान एक भालू ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल लाया गया था, जहाँ प्रारंभिक इलाज के बाद हायर सेंटर रायपुर के अम्बेडकर हॉस्पिटल रिफर किया गया। उसके बाद बेहतर इलाज के डीकेएस हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इस दौरान इलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से हुआ, लेकिन खाना पीना सहित अन्य वैकल्पिक सुविधाएं जुटाने के लिए उन्हें पैसा खर्च करना पड़ा था। वहीं, इस घटना के बाद से वर्तमान में कार्य करने में असमर्थ होने की बात कही गई है और आर्थिक तंगी से गुजरने के कारण आर्थिक सहयोग के लिए जनदर्शन के माध्यम से प्रशासन से गुहार लगाई है।

---

# नहर पार पर कब्जा हटाने चक्काजाम कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

किसान संघ डोंडी के अध्यक्ष गेन्दलाल मानकर सचिव संतोष धनकर ने बताया कि 15 मई को अनुविभागीय अधिकारी डोंडी तहसीलदार डोंडी को जल संसाधन विभाग के नाली नहर के मेड़पार पर अवैध कब्ज़ा को हटाने आवेदन दिया गया था।

▪ प्रशासन को सूचना देने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

उसके बाद एक बार फिर सूचना आवेदन देकर अवगत करा कर हटाने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही नहीं हटाए जाने पर 20 जून को चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी गई। लेकिन, आज तक कब्जा नहीं हटाया गया। किसान संघ अध्यक्ष गेंद लाल मानकर ने बताया कि कब्जा हटाने की बजाय सिर्फ चिन्हांकित किया गया। इससे सभी किसान आक्रोशित हैं। इसे देखते हुए अब पूर्व निर्धारित तिथि 20 जून को माथाई चौक पर चक्काजाम किया जाएगा। इस संबंध में तहसीलदार हिंसाराम नायक ने बताया कि आज हमारी टीम ने मेरी उपस्थिति में किसानों के रास्ते में किये निर्माण की जगह आने-जाने के लिए रास्ता खुलवा दिया गया है, फिर भी किसान अगर संतुष्ट नहीं हैं, तो चर्चा करेंगे।

# सरकारी अहाता खाली, अवैध चखना सेंटरों में भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

शासन ने सरकारी शराब दुकान के पास अहाता तो खोल दिया, लेकिन शासन के तंत्र अवैध चखना दुकानों को बंद कराने में नाकाम हो रहा है। या यह कहें कि अवैध चखना दुकानों को बंद कराने की दिशा में ठोस पहल नहीं की जा रही है। इसके कारण भारी भरकम फीस देकर सरकारी अहाता शुरू करने वाले के लिए उसे चलाना मुश्किल हो गया है और अब अहाता बंद होने की स्थिति में आ गई है।

▪ ठीक कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रहा अवैध कारोबार



नगर में संचालित देशी शराब दुकान के पास सरकारी अहाता संचालित है, जो लगभग खाली ही रहता है। क्योंकि शराब दुकान के चारों ओर दर्जन भर अवैध चखना दुकान संचालित हो रहे हैं, जहां भारी भीड़ रहती है। इन अवैध दुकानों को बंद कराने के लिए सरकारी अमला गंभीरता से प्रयास नहीं कर रहा है। या फिर ऐसा लगता है कि जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि सरकारी अहाता 31,11,900 रूपये में नीलाम हुई है। अर्थात लगभग 8500 रूपये प्रतिदिन अहाता संचालक को सरकार को देना है। जबकि अवैध चखना दुकान संचालक को सरकार को कोई टैक्स नहीं देना पड़ता। यहां संचालित अवैध चखना दुकानों में बैठकर पीने पिलाने की सभी सुविधा उपलब्ध है। लोगों का कहना है कि यहां कई बार खाकी वर्दीधारियों को भी देखा गया है, लेकिन कभी-कभी ही दुकानें बंद होती हैं एवं उनके जाने के बाद अवैध दुकानें फिर से चालू हो जाती हैं। आरोप है कि सरकारी अमला स्वयं ही इन अवैध चखना दुकानों को बढ़ावा दे रहा है। इससे सरकारी अहाता प्रभावित होगा और सरकारी अहाता संचालक नुकसान होने पर अहाता छोड़ देगा एवं सरकारी दुकान बंद हो जाएगी। इससे अवैध चखना दुकानें बेधड़क चलने लगेंगी।

**वहीं नहीं बैठ सकते**

जाते हैं तो कार्रवाई करते हैं। जाने के बाद पुन: खुल जाते हैं तो वहीं बैठ नहीं सकते। पुलिस भी कार्रवाई करती होगी ऐसी अपेक्षा करता हूं।

**-राजेश शर्मा,** जिला आबकारी अधिकारी

### वैध राशि सरकारी खजाने में, अवैध कमाई बंद होने का डर!

आरोप है कि बीते 5 सालों से क्षेत्र में अवैध चखना दुकान धड़ल्ले से चला है, एवं इसकी कमाई का हिस्सा जिम्मेदार लोगों तक भी पहुंचता रहा है। समझा जा रहा है कि सरकारी अहाता दुकान खुलने से अवैध कारोबार पर अंकुश लगता एवं अवैध कमाई के स्थान पर राशि वैध तरीके से सरकारी खजाने में जा रही है, इससे अवैध कारोबार से हो रही अवैध कमाई बंद होने के डर से ही अब वैध दुकान को प्रभावित करने के लिए अवैध कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

---

**जनदर्शन पहुंचे ग्राम पंचायत परसदा (ज) के ग्रामीण**

# सरपंच पर शासकीय भूमि की बंदरबांट का आरोप, कलेक्टर से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम पंचायत परसदा (ज) सरपंच द्वारा अवैध रूप से शासकीय जमीन को आबादी के नाम पर वितरण किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उस पर रोक लगाने एवं सरपंच द्वारा जारी किए गए पट्टा को निरस्त करने तथा सरपंच के विरूद्ध ठोस कार्रवाई की मांग की है। मांगों को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात की और आवेदन सौंपा।

मंगलवार को ग्राम पंचायत परसदा (ज) के दर्जन भर से अधिक ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर ग्राम पंचायत परसदा सरपंच द्वारा मनमानी करते हुए गांव की शासकीय घास जमीन को आबादी के नाम पर अवैध रूप से वितरण करने एवं अवैध रूप से पट्टा वितरित किए जाने की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि



इसकी शिकायत ग्रामवासियो द्वारा तहसीलदार के समक्ष लगातार की जाती रही है। साल 2022 से लेकर मई 2024 को स्थगन एवं ठोस कार्रवाई के लिए ग्रामवासियो द्वारा शिकायत की गई थी, लेकिन तहसीलदार ने ध्यान नहीं दिया गया, न ही सरपंच के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालोद को 20 मई 2024 को आवेदन के माध्यम से जानकारी दी गई। लेकिन, उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की। गांव के खोरबाहरा रावटे, फिरतु राम, भगतराम, रेखराम, ठाकुर राम ने बताया कि सरपंच द्वारा न्यायालय तहसीलदार में जो जवाब प्रस्तुत किया गया है, वह आधार हीन एवं झूठा है। उस तरह का जवाब प्रस्तुत कर सरपंच द्वारा न्यायालय को गुमराह किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच के इस कृत्य में उनके पति का पूरा हाथ है। उनके द्वारा ही मनमानी कर ग्रामीण व्यवस्था को खराब किया जा रहा है।

### पूरी प्रक्रिया के बाद किया पट्टा वितरण

इस मामले में ग्राम पंचायत परसदा सरपंच पति घूरउ राम साहू ने कहा कि वह जमीन आबादी जमीन है। ग्राम सभा में अनुमोदन और सारी प्रक्रिया होने के बाद ही पट्टा वितरण किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411